कार्यालय जिला पंचायत, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान"

ई–मेल–dmm.gpm@gmail.com

बिहान

क्र./884/DAY-NRLM/HR-02/2026 गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, दिनांक 20/03/2026

## //विज्ञापन//

मिशन संचालक, SRLM, विकास आयुक्त कार्यालय, SRLM प्रकोष्ठ, विकास भवन सेक्टर 19, द्वितीय तल, नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक **कार्यालयीन पत्र क्र0 File No. Estb/1107/2025-Section CGSRLM नवा रायपुर, अटल नगर, दिनॉक** 23.02.2026 परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासियों से जिला/विकासखण्ड स्तर के पदो पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक **20/03/2026** से **08/04/2026** तक, कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजें तक विज्ञापन में दर्शित शैक्षणिक योग्यता, आवश्यक दस्तावेजों तथा नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो के साथ कार्यालय, **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।** आवेदन करने हेतु जिले की वेबसाइट **www.gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in** में दिये गये स्वीकृत/रिक्त पदों पर भर्ती" से संबंधित सभी जानकारी नियम–शर्ते, पदवार निर्धारित योग्यता/अर्हता,पदवार आरक्षण आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, तथा निर्धारित आवेदन प्रारुप, तिथि, एवं समय तक आवेदन कर सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ई–मेल/अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वीकार नहीं किये जावेंगे एवं अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र को स्वमेव निरस्त माना जावेगा।

**अ/पदो विवरण :–**

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पदो की संख्या | अनारक्षित (अन्य) | | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | | | | | अनुसूचित जाति (एस.सी.) | | | | | अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | विकलांग | भू.पू.सै. | योग | मुक्त | महिला | विकलांग | भू.पू.सै. | योग | मुक्त | महिला | विकलांग | भू.पू.सै. | योग | मुक्त | महिला | विकलांग | भू.पू.सै. | योग |
| 1 | विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक(संविदा) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | क्षेत्रीय समन्वयक (संविदा) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | लेखापाल (संविदा) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | **4** | **2** | **0** | **0** | **0** | **2** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **2** | **0** | **0** | **0** | **2** |

**ब/पदवार शैक्षणिक अर्हता, अनुभव व मेरिट अंक का विवरण :–**

| क्र | पदनाम | एकमुश्त मासिक वेतन (रू. में) | शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | मेरिट हेतु अंक (कुल अंक 100) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विवरण | अंक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| 1 | विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक | 39,875 | **शिक्षा–** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से स्नातकोत्तर उपाधि/द्विवर्षीय डिप्लोमा।<br>**अनुभव**:– स्नातकोत्तर उपाधि उपरांत विकासखण्ड/ क्लस्टर स्तर के प्रबंधकीय/ समन्वयक पद का न्यूनतम 02 वर्ष का केन्द्र/ राज्य शासन/लोकल बॉडी /गवनर्मेंट एडेड संस्था(नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत ग्रामीण विकास / गरीबी उन्मूलन / आजीविका संबंधित क्षेत्र का प्रासंगिक कार्यानुभव । | स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 35 |
| | | | | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 20 |
| | | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 15 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | | साक्षात्कार | 15 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | क्षेत्रीय समन्वयक | 26,490 | **शिक्षा :–** 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि। 2. मान्यता प्राप्त संस्था/ विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट। **अनुभव :–** स्नातक उपाधि उपरांत विकासखण्ड/ क्लस्टर स्तर के प्रबंधकीय/ समन्वयक पद का न्यूनतम 01 वर्ष का केन्द्र/ राज्य शासन/लोकल बॉडी /गवनर्मेंट एडेड संस्था(नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्व संस्था) अंतर्गत ग्रामीण विकास / गरीबी उन्मूलन / आजीविका संबंधित क्षेत्र का प्रासंगिक कार्यानुभव । | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 35 |
| | | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 20 |
| | | | | दसवी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 20 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | | लिखित/कौशल परीक्षा | 10 |
| 3 | लेखापाल | 23,350 | **शिक्षा :–** 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय पर स्नातक उत्तीर्ण। 2. मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा । **वांछनीय योग्यता –** टेली सर्टीफिकेट वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी। **अनुभव :–** स्नातक उपरांत लेखा से संबंधित 02 वर्षीय केन्द्र/राज्य शासन/लोकल बॉडी/गवर्नमेंट ऐडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाइट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत क्षेत्र का कार्यानुभव । | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 35 |
| | | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 20 |
| | | | | दसवी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का वेटेज देते हुए | 20 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 05 |
| | | | | कौशल परीक्षा | 10 |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन केवल पंजीकृत डाक/स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से दिनांक **20/03/2026 से 08/04/2026** तक कार्यालयीन दिवस **एवं समय सायं. 5:30 बजे तक** जिला पंचायत गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में ही स्वीकार किये जावेंगे। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. रिक्त पदों के लिये पदवार अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है। साथ ही पत्राचार हेतु एक खाली लिफाफा 5 रू. डाक टिकट सहित स्वयं का पता लिखा आवेदन के साथ संलग्न करना होगा अनिवार्य होगा।
3. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम/संवर्ग का स्पष्ट उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
4. चयन प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु सतत् रूप से कार्यालयीन पते के साथ–साथ एनआईसी जिला गौरेला की वेबसाईट www.gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहे।
5. आयु न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु सीमा छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ निवासियों एवं विभिन्न वर्गों के लिये समय–समय पर जारी निर्देश के अनुरूप छूट की पात्रता होगी। आयु की गणना 1 जनवरी, 2026 के आधार पर की जायेगी।
6. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। उक्त संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न किया किया जाना होगा।
7. आरक्षित पदो में आवेदन हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापति प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
8. आवेदन में आवेदक का नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो एवं समस्त प्रमाण–पत्र तथा अंकसूची स्वप्रमाणित होना आवश्यक है। स्वप्रमाणित न होने की स्थिति में आवेदन–पत्र निरस्त माना जावेगा।
9. संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात आवश्यकता होने पर पदनिरंतरता, कार्ययोग्यता, कार्यक्षमता, वार्षिक कार्य मूल्यांकन (Annual Performance Appraisal) एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनो पक्षों की सहमति से कार्य अवधि बढ़ायी जा सकती है।
10. **यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्र. एफ,9–/1–3 दिनाक– 31 दिसंबर, 2012 के संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होगी।**

11. संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।

12. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।

13. संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या एक माह का वेतन जमा/देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

14. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रूप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु–लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।

15. समस्त नियुक्तियॉ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पत्र क्रमांक एफ13–1/2023 अ.प्र/ 1–3 नवा रायपुर दिनांक 03/05/2023 के पत्र में दिये गये निर्देशो के आधीन होगी । माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल. पी(सी) कमांक 19688/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

16. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। तद्उपरांत कौशल परीक्षा/साक्षात्कार में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।

17. अनुभव प्रमाण–पत्र (आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से संबंधित हो) केवल शासकीय/ अर्द्धशासकीय/शासकीय वित्त पोषित/शासन से अनुदान प्राप्त गैर–शासकीय संस्थाओं के ही मान्य होंगे। समकक्ष पद से संबंधित होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगे।

18. आवेदन करने के समय अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालय आदेश क्रमांक, दिनांक एवं जारीकर्त्ता अधिकारी का नाम एवं पदनाम, संपर्क हेतु संबंधित का दूरभाष नंबर तथा ईमेल की जानकारी अनिवार्य रूप से दिया जावे। अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा। जिसके लिये आवेदक ही स्वयं जिम्मेदार होगा। साथ ही गैर–शासकीय संस्था से जारी अनुभव प्रमाण–पत्र हेतु आवेदक को विज्ञापन दिनांक तक के पूर्व का निरंतर 03 माह प्रमाणित वेतन पर्ची सह बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पदवार अनुभव हेतु प्रस्तुत दस्तावेज मान्य/अमान्य किये जाने के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा।

19. छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का पद से संबंधित समकक्ष कार्यानुभव रखने वाले अमले को अनुभव के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिये 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक प्रदाय किया जावेगा।

20. विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक पद हेतु लिखित/समूह चर्चा/साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

21. क्षेत्रीय समन्वयक पद हेतु लिखित/कौशल परीक्षा/समूह चर्चा का आयोजन किया जावेगा।

22. लेखापाल पद हेतु लिखित/कम्प्यूटर/कौशल परीक्षा का आयोजन किया जावेगा।

23. यदि किसी आवेदक के अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जावेगा। अतः अंकसूची का पृष्ठ भाग भी सावधानी से फोटोकापी करते हुए स्वप्रमाणित कर संलग्न करें।

24. यदि प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या रिक्तियों के विरूद्ध 10 गुणा से अधिक होती है तो वरीयता क्रम के आधार पर चयन प्रक्रिया के अग्रिम चरण हेतु 01 पद के विरूद्ध 10 आवेदकों को बुलाया जावेगा। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव का अंक एवं कौशल परीक्षा/साक्षात्कार परीक्षा में प्राप्त अंक को मिलाकर सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दी जा सकेगी एवं इस सूची की वैद्यता 01 वर्ष होगी, जिसे प्रतीक्षा सूची में रखी जावेगी। भविष्य में पद रिक्त होने पर बरीयता क्रमानुसार प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा।

25. समान अंक पाने वाले अभ्यर्थियों की पारस्परिक वरीयता उनके उम्र के आधार पर निर्धारित की जावेगी, जिसके अनुसार अधिक उम्र वाले चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जावेगी।

26. शासकीय/गैर–शासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

27. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में सेवा से अनुशासन हीनता/अनुचित व्यवहार/स्वेच्छाचारिता या अनयिमितता के आधार पर छत्तीसगढ़ आजीविका संवर्धन समिति से अथवा अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो चयन/नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। यदि इस संबंध में नियुक्ति होने के बाद संज्ञान में आता है,तो नियुक्ति निरस्त मानी जावेगी।

28. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा एवं पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।

29. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

**30.** उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो,पात्र नहीं होगा। ऐसे मामलों में शासनादेश एवं सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आधार पर ही छूट की मान्य होगी।

**31.** पदों की संख्या में परिवर्तन संभावित है। यह नियुक्ति जिला के लिए निर्धारित रोस्टर अनुसार की जावेगी।

**32.** विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का विस्तृत प्रारूप जिला पंचायत गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) के सूचना पटल जिला प्रशासन गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के वेबसाईट www.gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in.छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' की वेबसाईट www.bihan.gov.in से अवलोकन/डाउनलोड किया जा सकता है।

**33.** यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।

**34.** भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार कलेक्टर, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के पास सुरक्षित रहेगा।

**35.** मिशन संचालक CGSRLM, विकास आयुक्त कार्यालय, अटल नगर, नवा रायपुर के निर्देशानुसार नियमों में परिवर्तन किया जा सकेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत–गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)**

# संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम ..................................................

संबंधित जिला का नाम ..................................................

| |
|---|
| अभ्यर्थी नवीनतम स्व–प्रमाणित फोटो चिपकायें |

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत गौरेला पेण्ड्रा मरवाही
पिन कोड 495117

1. अभ्यर्थी का नाम – अ. हिन्दी में :– ..................................................
   ब. अंग्रेजी में :– ..................................................
2. पिता/पति का नाम :– ..................................................
3. लिंग (महिला/पुरूष/तृतीय लिंग) :– ..................................................
4. जन्म तिथि अ.अंको में :– ..................................................
   ब. शब्दों में :– ..................................................
   स. दिनांक 01.01.2026 को आयु वर्ष :– .................................. माह ..................................दिन..................................
   (हाई स्कुल सर्टिफिकेट 10 वीं परीक्षा का प्रमाण पत्र संलग्न करें)
5. वर्ग (अनु.जाति/अनु.जनजाति/अ.पि.व./सामान्य) :– ..................................................
6. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) :– ..................................................
   :– ..................................................
   :– ..................................................
7. स्थायी पता (हिन्दी में) :– ..................................................
   :– ..................................................
   :– ..................................................
8. मोबाईल नंबर :– ..................................................
9. ई–मेल आईडी :– ..................................................
10. आधार नंबर :– ..................................................

11. शैक्षणिक योग्यता :– (शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | परीक्षा में सम्मिलित विषय/विषय समूह का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | |

**12.** अनुभव का विवरण (न्यूनतम वांछित अनुभव) :–

| क्र. | संस्था का नाम पता | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

**13.** छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कार्य का अनुभव का विवरण :–

| क्र. | राज्य/जिला/ वि.ख. का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

**14.** वर्तमान में कार्यरत होने संबंधी विवरण (यदि हो तो) :–

| क्र. | राज्य/जिला/ वि.ख. का नाम | पदनाम | विभाग/संस्था का नाम | नियुक्ति दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | | | | |

**15.** वैवाहिक स्थिति :–

(क). विवाहित/अविवाहित :– ..........................................................
(ख) विवाहित होने पर निम्न जानकारी भरा जावे :–
विवाह का दिनांक :– ..........................................................
(ग) परिवार के संतान की संख्या :– ..........................................................

**16.** संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

अनिवार्य अनुभव हेतु सैलेरी स्लिप/बैंक स्टेटमेंट

1. ..........................................
2. ..........................................
3. ..........................................
4. ..........................................
5. ..........................................
6. ..........................................
7. ..........................................
8. ..........................................
9. ..........................................
10. ..........................................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

स्थान :– ..........................

नाम :– ..........................................

दिनांक :– ..........................

**घोषण पत्र**

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हुँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियॉ पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

स्थान :– ..........................
दिनांक :– ..........................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
नाम :– ..............................................